# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 27.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव ने राज्य के सभी नगर निकायों को दुर्गा पूजा के दौरान साफ़–सफाई और यातायात लाइटों की बेहतर व्यवस्था करने के दिए निर्देश
- राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों समेत 2750 गावों में अब मिलेगी हाई स्पीड इंटरनेट सेवा, बीएसएनएल झारखण्ड सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक ने कहा– लगाए जाएंगे 755 नए मोबाईल टावर
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन–की–बात कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए झारखण्ड सरकार ने शुरू की नई योजना– सोशल मीडिया पर झारखण्ड से जुड़ी सामग्री दिखाने पर मिलेगी सालाना तीन से 10 लाख रुपये तक की राशि।
- राजधानी के खेलगांव में चल रहे झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् की राज्य स्तरीय बॉलीवाल प्रतियोगिता में रांची और हजारीबाग की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची।

*******************

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने राज्य के सभी नगर निकायों को दुर्गा पूजा के दौरान साफ़–सफाई और यातायात लाइटों की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। श्री कुमार ने कहा है कि त्योहारों के दौरान लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं पहुंचाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। प्रधान सचिव ने सभी विभागों से तालमेल बनाकर सडकों की मरम्मत करने के भी निर्देश दिए हैं।

*******************

राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब हाई स्पीड इंटरनेट की सेवा मिलेगी। बीएसएनएल के झारखण्ड सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक विपुल अग्रवाल ने बताया कि राज्य के 2750 गांव में 755 नए मोबाईल टावर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि फोर जी सेवाओं की शुरुआत के बाद नेटवर्क को फाइव जी में अपग्रेड किया जाएगा। इससे ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को भी हाई स्पीड इंटरनेट सेवायें मिल सकेंगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन–की–बात कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

*******************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय डिजिटल क्रिएटर्स विशेष रूप से जनहित की हिमायत करने वाले बड़ी संख्या में फोलोवर्स वाले यूट्यूबर्स को आधिकारिक तौर पर मान्यता देने के तरीके खोज रहा है। मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने देश में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज की स्थापना की भी घोषणा की, जो क्रिएटर्स को विकसित डिजिटल परिदृश्य के अनुकूल बनाने में मदद करने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों की पेशकश करेगा।

*******************

आज विश्व पर्यटन दिवस है। इस वर्ष का विषय है पर्यटन और सतत परिवर्तन। पर्यटन निदेशालय की ओर से आज रांची के आड्रे हाउस में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इधर, जमशेदपुर के करीम सिटी कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दलमा वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में ट्रैकिंग का आनंद उठाया। पूर्वी सिंहभूम की जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पर्यटन के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करना था।

*******************

झारखंड सरकार ने राज्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की है। पर्यटन निदेशालय ने "इन्फ्लुएंसर एंगेजमेंट प्रोग्राम 2025" शुरू किया है। इस कार्यक्रम का मकसद झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता, प्राचीन धरोहर और आदिवासी संस्कृति को सोशल मीडिया के जरिए देश और दुनिया तक पहुँचाना है। इस कार्यक्रम के तहत चुने गए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को सालाना मानदेय भी दिया जाएगा। इसमें नैनो इन्फ्लुएंसर को 3 लाख, माइक्रो को 5, मैक्रो को 7 और मेगा इन्फ्लुएंसर को अधिकतम 10 लाख रुपये तक की राशि मिलेगी। इस योजना में इंस्टाग्राम, यूट्यूब, फेसबुक और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर सक्रिय इन्फ्लुएंसर आवेदन कर सकते हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत की सांस्कृतिक यात्रा जीवंत, परंपराओं से जुड़ी और दुनिया के लिए खुली रही है। विदेशों से चुराई गई मूर्तियों और पवित्र अवशेषों को वापस लाने, लंबे समय से खोई हुई प्राचीन वस्तुओं को प्राप्त करने तक, यह सांस्कृतिक पुनरुत्थान और खोई हुई चीज़ों को वापस लाने की कहानी है।

*******************

धनबाद में कड़ी सुरक्षा के बीच दुर्गा पूजा का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव प्रति ग्राम 10 हजार 650 रुपये है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 48 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो– एनसीबी ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए भारतीय रेलवे के साथ सहयोग किया है। यह सहयोग ट्रेनों और स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक बोर्डों पर नशा विरोधी संदेश और मानस हेल्पलाइन प्रदर्शित करके जागरूकता अभियान चलाने पर केंद्रित होगा ताकि प्रतिदिन लाखों यात्रियों तक पहुँचा जा सके। इस संयुक्त पहल का उद्देश्य नशीली दवाओं के नेटवर्क को बाधित करना और युवाओं को नशीले पदार्थों के खतरे से बचाना है।

*******************

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉलीवाल प्रतियोगिता में हजारीबाग की टीम अंडर 17 और 19 बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वहीं, रांची की टीम अंडर 17 बालक वर्ग के अंतिम चार में प्रवेश करने में सफल रही। रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में हजारीबाग ने चतरा और पूर्वी सिंहभूम की टीम को हरा दिया। इधर, रांची की टीम ने सिमडेगा को पराजित कर दिया।

*******************